For website

राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय
कुम्भा मार्ग, सेक्टर–18, प्रताप नगर, टोंक रोड, जयपुर–302033
Phone:. 0141.2795529, 2791928 Fax No.: 0141.2795550
Email : ruhsacademic@yahoo.in

कमांक : एफ–8/एकेडमिक/राज.स्वा.वि.वि./2017/...... 16264 दिनांक : 11.2017 4/12/2017

दीक्षान्त समारोह

राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय का **चतुर्थ दीक्षान्त समारोह** दिनांक 23 जनवरी, 2018 (मंगलवार) को राज.स्वा.वि.वि. आयुर्विज्ञान महाविद्यालय, सेक्टर–11, प्रताप नगर, टोंक रोड़, जयपुर के परिसर में आयोजित किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के दीक्षान्त समारोह में माननीय राज्यपाल, राजस्थान एवं कुलाधिपति, राज.स्वा.वि.वि.द्वारा Chancellor's Gold Medal एम.डी.एस. पाठ्यक्रम में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र को एवं विश्वविद्यालय के मेडिकल /डेन्टल/ फार्मेसी/ नर्सिंग/ फिजियोथेरेपी एवं आक्यूपेशनलथेरेपी/ पैरामेडिकल संकाय के सत्र 2015 तक के विभिन्न स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों में अन्तिम वर्ष की परीक्षा में विश्वविद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को स्वर्ण पदक, उपाधि एवं दिसम्बर 2015 तक डी.एम./एम.सी.एच. एवं पी.एच.डी. की उपाधियॉ वितरण की जायेगी इस हेतु सभी पी.एच.डी./डी.एम./एम.सी.एच. उत्तीर्ण अभ्यर्थियो को दीक्षान्त समारोह में सादर आमंत्रित किया जाता है।

ऐसे सभी संबंधित छात्र जो इस दीक्षान्त समारोह में सम्मिलित होना चाहते हैं वे विश्वविद्यालय नियमानुसार अपनी लिखित सहमति नाम, पिता का नाम, पता, उपाधि वर्ष, नामांकन संख्या, अनुकमांक व संकाय की सम्पूर्ण जानकारी कुलसचिव, राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, जयपुर को दिनांक 20.12.2017 तक आवश्यक रूप से विश्वविद्यालय में प्रस्तुत करें। विस्तृत जानकारी एवं आवेदन फार्म विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.ruhsraj.org से डाउनलोड किया जा सकता है। दीक्षान्त समारोह से संबंधित जानकारी/सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाईट के अलावा विश्वविद्यालय के शैक्षणिक अनुभाग, कमरा नं. 201 से व्यक्तिशः भी प्राप्त की जा सकती है। दीक्षान्त समारोह स्थल पर उन्हीं छात्रों का स्थान आरक्षित होगा, जिनकी सहमति उक्त निर्धारित तिथि तक प्राप्त होगी। पूर्व में जारी अधिसूचना के कम में प्रस्तुत आवेदन पत्र में प्रस्तुत सहमति व्यक्त करने वाले अभ्यर्थियों को पुनः उपस्थित होने के क्रम में अपनी सहमति भिजवानी आवश्यक होगी।

दीक्षान्त समारोह में भाग लेने के लिए प्रतिभागी को विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित वेशभूषा में ही उपस्थित होना आवश्यक है। प्रतिभागी को वेशभूषा की स्वयं के स्तर पर व्यवस्था करनी होगी। निर्धारित वेशभूषा के सम्बन्ध में सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर उपलब्ध है। समारोह में उपाधि प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी अपने परीक्षा संबंधी मूल प्रोविजनल प्रमाण पत्र/अंक तालिका की प्रति के साथ फोटो पहचान पत्र के रूप में ड्राईविंग लाइसेंस/मतदाता पहचान पत्र/पासपोर्ट आदि साथ लावें।

कुल–सचिव